दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 21 / 04 / 2025


प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना


प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति की आवश्यकता पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में सत्रहवें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि देशवासियों के सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाना शासन की कुशलता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है और जो फैसले ले रही है, वे अगले हजार वर्षों के भविष्य को आकार देंगे। इस अवसर पर श्री मोदी ने लोक प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान किए।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस अप्रैल को मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। इस बीच उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मधुबनी में तैयारियों का जायजा लिया और झंझारपुर में एनडीए नेताओं के साथ बैठक की। श्री चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी पीएम आवास योजना के आठ लाख लाभुकों को राशि जारी करेंगे। श्री मोदी राज्य के चार नये एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री जयनगर–पटना नमो भारत एक्सप्रेस ट्रेन की भी शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

———————————————————————

राज्य के ग्रामीण इलाकों में चार सौ पचास से अधिक पुलों का निर्माण होगा। ग्रामीण कार्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अभी इन पुलों की डीपीआर

बनाई जा रही है। विभागीय मंजूरी मिलने पर इन पुलों के निर्माण के लिए जुलाई तक टेंडर जारी कर दिया जाएगा।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागो में तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गया, औरंगाबाद, अरवल, रोहतास, शेखपुरा, गोपालगंज, बक्सर, भोजपुर, समेत प्रदेश के अधिकांश भागो में अधिकतम पारा अड़तीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। कुछ स्थानों पर गर्म हवा के प्रवाह से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश भागो के अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही कई स्थानों पर लू चलने की भी आशंका है। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।

———————————————————————————

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम शौर्य दिवस के अवसर पर बाईस और तेईस अप्रैल को पटना में एयर–शो का आयोजन करेगी। भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने एयर शो को स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जाताया है। पटना में संवाददाताओ से बातचीत करते हुए श्री रूडी ने बताया कि पहली बार पटना में एयर शो के जरिये महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीरकुंवर सिंह को सलामी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कल होने वाले रिहर्सल शो से पहले आज वीमानों की जांच पड़ताल की गई।

———————————————————————————

केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीशचन्द्र दूबे ने आज भागलपुर में डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती समारोह के अंतर्गत एक संगोष्ठी को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के जिला इकाई की ओर से किया गया।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मिकीनगर के थारी गांव से वन विभाग की टीम ने एक बारह फीट लंबे कोबरा सांप का रेस्क्यू किया है। विभागीय टीम ने इसे जटाशंकर के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

———————————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र से पुलिस ने आर्म्स एक्ट मामले में फरार पांच अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के जयरामपुर थाना क्षेत्र में गड्डे में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं जिले के नगर थाना क्षेत्र के गिरिहिंडा मोहल्ले में एक शौचालय की टंकी में गिरकर एक बालक की मौत हो गई।

———————————————————————————

समाप्त